**Terms of Reference**
**Senior Consultant – Healthcare Technology (Health Technology Assessment)**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to channelize technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute to health policy / programme design and evaluation.

Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a center of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. There have been a number of personnel who have served with NHSRC and gained invaluable experience enabling them to graduate to next rung of professional ladder. Vast exposure to Ministry of Health and Family Welfare, and its processes is a unique feature of NHSRC.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.

This Position reports to Advisor-Healthcare Technology and is on Contractual basis.

**Roles & Responsibilities:**

- Undertake studies for economic evaluation of emerging new technologies.
- Undertake systematic review & meta-analysis for preparing quality research paper for publication
- Should be well versed with research methodologies
- Undertaking literature review on healthcare technologies
- Collecting information on efficacy of technologies based on published data from trials,studies and product package inserts.
- Framing the model parameters and conduct primary data collection for the research
- Analysis of data/market research on technology costs and pricing
- Review of safety aspects of technologies based on secondary literature
- Review of legal, ethical and social impacts of healthcare technologies
- Writing of Health Technology Assessment Reports
- Undertake other assignments, which may be assigned from time to time in the division or required by Executive Director, NHSRC

**Competencies and Experience:**

- Holding M.SC Degree/PG degree in Health Economics or certificate course in Economic Evaluation for Health Technology Assessment from reputed college/universities
- Additional qualification of Master in Public Health & experience in working with government research bodies like ICMR is desirable.
- Experience on Health Technology Assessment including systematic reviewand health economic modeling (Minimum 5 years post qualification)

- Published work in the area of health technology assessments or Economicevaluation.
- Computer proficiency with high level of familiarity with commonly used packages like MS Word, Excel, powerpoint & Web surfing to search relevant data & documents.
- Good communication and presentation skills, excellent oral and written communication skills in English.
- Knowledge in Health systems development desirable.
- Willingness to travel to states & districts to collect technical information and ability to subsequently synthesize information into research evidence.

**Age Limit:** 50 Years (maximum age will be counted from the last date for receiving the applications). Age will be relaxed to experience candidate up to 5 years.

**Work Location:** New Delhi; Opportunity to gain hands on experience of public health canvas of states and districts. Travel to states and districts will be involve.

**Remuneration Range:** Between Rs.90,000/- to Rs. 1,50,000/-
*Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience

**Other Benefits:** In addition to the remuneration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract:** Initial Contract till 31st March 2026 (with further extension subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is 11th December 2024.

# संदर्भ शर्तें (टीओआर)

## सीनियर कनसल्टेंट – स्वास्थ्यदेखभाल प्रौद्योगिकी (स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी आकलन)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत स्वायत्त पंजीकृत संस्था के रूप में की गई है ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता दी जा सके और उनकी क्षमता बढ़ाई जा सके। एनएचएसआरसी को स्वास्थ्य नीति/कार्यक्रम डिजाइन और मूल्यांकन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

2006 में स्थापना के बाद से, एनएचएसआरसी ज्ञान का भंडार और अपने एजेंडे के लिए उत्कृष्टता का केंद्र रहा है। इस संगठन का सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में शामिल कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निकायों के साथ पेशेवर संबंध हैं। ऐसे कई कर्मचारी हैं जिन्होंने एनएचएसआरसी के साथ काम किया है और अमूल्य अनुभव प्राप्त किया है जिससे वे पेशेवर सीढ़ी के अगले पायदान पर पहुंच सके हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और इसकी प्रक्रियाओं का व्यापक अनुभव एनएचएसआरसी की अनूठी विशेषता है।

यदि आप स्वास्थ्य समानता और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो यहां भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ काम करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार करने और सकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों को सक्षम करने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित टीम के साथ काम करते हुए, आप सेवा वितरण प्रणाली, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित कई चुनौतियों के समाधान की खोज, अनुकूलन, सह–सर्जन और प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। यह बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने का समर्थन करने, जिला और उप जिला कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान का अनुवाद करने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के दृष्टिकोण को साकार करने में सक्षम बनाने का अवसर है।

इस पद पर नियुक्त व्यक्ति स्वास्थ्यदेखभाल प्रौद्योगिकी सलाहकार को रिपोर्ट करता है और अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जाता है।

## भूमिकाएं और जिम्मेदारियाँ

- उभरती हुई नई प्रौद्योगिकियों के आर्थिक मूल्यांकन के लिए अध्ययन करना
- प्रकाशन हेतु गुणवत्तापूर्ण शोध पत्र तैयार करने के लिए व्यवस्थित समीक्षा और मेटा–विश्लेषण करना
- अनुसंधान पद्धतियों से अच्छी तरह परिचित होना चाहिए
- स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकियों के बारे में साहित्य समीक्षा करना
- परीक्षणों, अध्ययनों और उत्पाद पैकेज प्रविष्टियों से प्रकाशित आंकड़ों के आधार पर प्रौद्योगिकियों की प्रभावशीलता पर जानकारी एकत्र करना
- अनुसंधान के लिए मॉडल पैरामीटर तैयार करना और प्राथमिक डेटा संग्रह करना
- प्रौद्योगिकी लागत और मूल्य निर्धारण पर डेटा/बाजार अनुसंधान का विश्लेषण
- द्वितीयक साहित्य के आधार पर प्रौद्योगिकियों के सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा

- स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकियों के कानूनी, नैतिक और सामाजिक प्रभावों की समीक्षा
- स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन रिपोर्ट लिखना
- अन्य कार्यभार संभालना, जो समय–समय पर प्रभाग में सौंपे जा सकते हैं या कार्यकारी निदेशक, एनएचएसआरसी द्वारा अपेक्षित हो सकते हैं

**शैक्षिका योग्यताएं और अनुभवः**

- प्रतिष्ठित कॉलेज / विश्वविद्यालयों से स्वास्थ्य अर्थशास्त्र में एम.एससी डिग्री / पीजी डिग्री या स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी आकलन के लिए आर्थिक मूल्यांकन में सर्टिफिकेट कोर्स
- सार्वजनिक स्वास्थ्य में मास्टर की अतिरिक्त शैक्षिक योग्यता और आईसीएमआर जैसे सरकारी अनुसंधान निकायों में कार्य करने का अनुभव वांछनीय है
- प्रणालीगत समीक्षा और स्वास्थ्य आर्थिक मॉडलिंग मूल्यांकन सहित स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी आकलन का अनुभव ( योग्यता के बाद न्यूनतम 5 वर्ष)
- स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी आकलन या आर्थिक मूल्यांकन के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य
- कंप्यूटर दक्षता के साथ एमएस वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट और प्रासंगिक डेटा और दस्तावेज़ों को खोजने के लिए वेब सर्फिंग जैसे सामान्यतः प्रयुक्त पैकेजों की उच्च स्तर की जानकारी
- अंग्रेजी में अच्छा संचार और प्रस्तुति कौशल, उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संचार कौशल
- स्वास्थ्य प्रणालियों के विकास में ज्ञान वांछनीय
- तकनीकी जानकारी एकत्र करने के लिए राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने की इच्छा तथा तत्पश्चात जानकारी को अनुसंधान साक्ष्य में संश्लेषित करने की क्षमता

**आयु सीमाः** 55 वर्ष (अधिकतम आयु की गणना आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से की जाएगी)
**कार्य स्थानः** नई दिल्ली; राज्यों और जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य का अनुभव प्राप्त करने का अवसर। राज्यों और जिलों की यात्रा भी शामिल होगी।
**पारिश्रमिक सीमाः** 90,000 / – रुपये से 1,50,000 / – रुपये के बीच
'इस बैंड के भीतर दी जाने वाली फीस योग्यता और अनुभव के अनुरूप होगी'
**अन्य लाभः** ऊपर उल्लिखित परिलब्धियों के अलावा, एनएचएसआरसी के सलाहकार मुफ्त दुर्घटना बीमा, सब्सिडीयुक्त चिकित्सा बीमा (एमओएच एंड एफडब्ल्यू से लंबित अनुमोदन), मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति (एनएचएसआरसी नीति के अनुसार), 30 दिनों की समेकित छुट्टी, हैं। भारत सरकार की नीति के अनुसार पूर्ण भुगतान मातृत्व अवकाश (महिला कनसल्टेंट के लिए), ऑन–ड्यूटी यात्राओं के लिए प्रदर्शन से जुड़ी वेतन वृद्धि, टीए / डीए और ड्यूटी के दौरान यात्रा के लिए प्रतिदिन जैसे लाभ के हकदार हैं।
**अनुबंध की अवधिः** आरंभिक अनुबंध 31 मार्च 2026 तक (संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के अधीन आगे विस्तार)
इस साक्षात्कार में चयनित उम्मीदवारों पर एनएचएसआरसी में समान कौशल सेट और उचित स्तर की आवश्यकता वाले अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जा सकता है।
**आवेदन कैसे करें:** उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन सही ढंग से भरें जो एनएचएसआरसी वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11th December 2024 है।